संपादकीय

# कोई राह निकलेगी?

दावोस में इस साल एजेंडा बिखरी दुनिया में आपसी सहयोग रखा गया है। जिस वक्त दुनिया दो खेमों में बंट रही है, उस समय यह एजेंडा प्रासंगिक तो है, लेकिन इसकी भावना के अनुरूप कोई सहमति बना पाना असंभव-सा प्रतीत होता है।

स्विट्जरलैंड के दावोस में हर साल होने वाला 'वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम' एक महत्त्वपूर्ण आयोजन है, जिसकी चर्चाएं अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। इसकी वजह यह है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था को चलाने वाले कर्ता-धर्ता वहां इक_ होते हैं- वे जो कहते हैं, उससे अंदाजा लगता है कि अब उनकी प्राथमिकता क्या है। फोरम की 53वीं सालाना बैठक आज सोमवार से शुरू हुई है, जो 20 जनवरी तक चलेगी। इस साल का एजेंडा बिखरी दुनिया में आपसी सहयोग रखा गया है। जिस वक्त दुनिया दो खेमों में बंट रही है, उस समय यह एजेंडा प्रासंगिक तो है, लेकिन इसकी भावना के अनुरूप कोई सहमति बना पाना असंभव-सा प्रतीत होता है। फोरम की यह बैठक वैश्विक महंगाई, ऊर्जा संकट, यूक्रेन युद्ध और चीन में फिर से बढ़ते कोविड के बीच हो रही है। अनुमान लगाया गया है कि बैठक में महंगाई, ऊर्जा संकट और चीन में बढ़ते कोविड के मामले बातचीत का बड़ा मुद्दा बने रहेंगे। फोरम के प्रमुख क्लाउस शवाब ने कहा कि आर्थिक, सामाजिक, भू-राजनीतिक और पर्यावरणीय संकट एक साथ मिलते दिख रहे हैं, जो बहुत विविध और अनिश्चित भविष्य बना रहे हैं।

उन्होंने कहा है- दावोस की वार्षिक मीटिंग में यह सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी कि नेता संकट वाली मानसिकता में फंसे ना रह जाएं। इस आयोजन में 130 देशों के करीब 2,700 राजनेताओं, कारोबारियों और समाज को प्रभावित करने वाले लोगों के शामिल होने की संभावना है। लेकिन इस बार प्रमुख देशों के राष्ट्राध्यक्ष या सरकार प्रमुखों की उपस्थिति नाम-मात्र की ही है। जी-7 देशों के बीच सिर्फ जर्मन चांसलर ओलॉफ शॉल्ज ऐसे हैं, जो इसमें भाग लेने पहुंच रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन या चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसमें शामिल नहीं होंगे। इससे बैठक पर फर्क पड़ेगा। दोनों बड़ी ताकतों के नेताओं की गैर-मौजूदगी के कारण वैश्विक तनाव के मुद्दों पर सार्थक वार्ता की उम्मीद वहां नहीं होगी। हालांकि यह जरूर बताया गया है कि दोनों देशों के व्यापार प्रमुख दावोस में मिलेंगे और गुजरे वर्षों में बढ़े व्यापारिक संबंधों पर बातचीत करेंगे। यह देखने की बात होगी कि क्या इससे इन तनावों में कोई कमी आती है।

## सुदीरमन कप और जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी चाहता है भारत




**नईदिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ ने खेल की विश्व संस्था को पत्र लिखकर सुदीरमन कप और जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने में दिलचस्पी दिखाई है।

भारत को 2023 में मिश्रित टीम चैंपियनशिप की मेजबानी करनी थी लेकिन विश्व बैडमिंटन महासंघ ने इसके मेजबानी अधिकार चीन के सुजोउ को सौंप दिए जबकि भारत को 2026 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी।

सुजोउ को 2021 में इस चैंपियनशिप का आयोजन करना था लेकिन चीन में कोविड-19 की बिगड़ती स्थिति के कारण वह इसकी मेजबानी नहीं कर पाया था। चीन में अब भी कोविड-19 की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है और इसे देखते हुए 14 से 21 मई के बीच होने वाले सुदीरमन कप को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि भारत इस साल सुदीरमन कप की मेजबानी करने का इच्छुक है। हमने इसको लेकर बीडब्ल्यूएफ को पत्र लिखा है और हमें सकारात्मक जवाब मिलने की उम्मीद है।

मिश्रा ने कहा कि भारत इसके अलावा जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने का भी इच्छुक है।

उन्होंने कहा, हमने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने में भी दिलचस्पी दिखाई है। इसकी मेजबानी अमेरिका को सौंपी गई थी लेकिन अब वह इससे हट गया है। भारत ने अपनी दिलचस्पी दिखाई है लेकिन अभी तक हमें बीडब्ल्यूएफ से कोई जवाब नहीं मिला है।

मिश्रा ने कहा, यदि हमें सुदीरमन कप की मेजबानी मिल जाती है तो हो सकता है कि जूनियर विश्व चैंपियनशिप के लिए हमें अगले चक्र तक इंतजार करना पड़ेगा।

## ऑस्ट्रेलिया को भारत में जीत दिला सकती है लियोन और एगर की स्पिन जोड़ी



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कोच डेरेन लीमन का मानना है कि बाएं हाथ का स्पिनर एश्टन एगर भारत में तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं और उन्हें दूसरे स्पिनर के रूप में टीम में शामिल किया जाना चाहिए। एगर ने अब तक पांच टेस्ट मैच खेले हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी में अपने आखिरी टेस्ट मैच में उन्हें विकेट नहीं मिला था लेकिन लीमन का मानना है कि भारतीय पिचों पर उंगलियों से स्पिन करने वाला गेंदबाज कामयाब हो सकता है।

ऑस्ट्रेलिया ने 2017 में पुणे में जब जीत दर्ज की थी तो तब लीमन टीम के कोच थे। इस मैच में बाएं हाथ के स्पिनर स्टीव ओकीफ़े ने 12 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। लीमन ने ऑस्ट्रेलियाई रेडियो एसईएनक्यू से कहा, वहां की परिस्थितियों से वाकिफ होने के कारण मैं उंगलियों के स्पिन गेंदबाजों को टीम में रखने की वकालत कर रहा हूं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होगी।

लीमन ने कहा, उंगलियों का स्पिनर हवा का सहारा लेता है तथा गेंद कभी स्पिन होती है और कभी नहीं। लेकिन लेग स्पिनर कभी-कभी बहुत अधिक स्पिन करा देता है जबकि उंगलियों के स्पिनर कि कुछ गेंदे बल्लेबाज को गच्चा देकर उसे पगबाधा आउट कर सकते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए उन्हें उंगलियों के स्पिनर को रखने पर विचार करना चाहिए।

चार साल पहले हमने ऐसा किया था और स्टीव ओकीफ़े ने भारतीयों को उनकी सरजमीं आउट करके ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई थी जो हमारी वहां आखिरी जीत थी। लीमन ने कहा, इसलिए मैं टीम में एगर जैसे खिलाड़ी को रखने की वकालत कर रहा हूं जो थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सकता है और दूसरे स्पिनर की भूमिका भी निभा सकता है। ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ऑस्ट्रेलिया के मुख्य स्पिनर हैं।

## शुभमन गिल को मिला नया उपनाम

**इंदौर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच इस समय तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज को भारत ने अपने नाम कर लिया है। उसका कारण यह है की भारत ने इस सीरीज के दोनों मैच जीत लिए है। अब इस सीरीज का आखिरी मैच इंदौर में खेला जाएगा। सीरीज के पहले मैच में विस्फोटक बल्लेबाज शुभमन गिल ने दोहरा शतक लगाया था।

इस शतक के बाद से ही उनके नाम के चर्चे चारों और है। जानकारी के अनुसार शुभमन गिल को एक नया निक नेम भी मिल गया है जो टीम के स्टार खिलाड़ियों को मिलता है। गावस्कर के साथ युवा बल्लेबाज ने बातचीत की तो उस दौरान गावस्कर ने कहा, 'मैंने आपको एक नया उपनाम दिया है, स्मूथमैन गिल। मुझे उम्मीद है कि आप बुरा नहीं मानेंगे।

इसपर शुभमन गिल ने जवाब दिया, 'मुझे बिल्कुल भी आपत्ति नहीं है सर। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में गिल ने 208 रन की पारी खेली थी और लगभग 140 गेंदों का सामना किया था। वहीं दूसरे वनडे में गिल ने 40 रन की नाबाद पारी खेली है।

## मंदी की आशंका के बीच कंपनियां कर सकती हैं नौकरियों में कटौती



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के अर्थशास्त्रियों के एक सर्वेक्षण में पता चला है कि कई उद्यमों में नौकरियों में कटौती की जा सकती है और महामारी के बाद पहली बार विस्तार पर खर्च को कम किया जा सकता है। यह बात इस ओर इशारा करती है कि ब्याज दरें बढ़ाने पर फ़ेडरल रिजर्व के जोर देने का असर अर्थव्यवस्था पर पडऩा शुरू हो चुका है और इसकी रफ्तार घट रही है।

सर्वे में कहा गया कि कारोबारियों को यह चिंता है कि केंद्रीय बैंक के फैसले का अर्थव्यवस्था पर और भी भारी असर पड़ सकता है और इससे अमेरिका में इस साल मंदी दस्तक दे सकती है। नेशनल एसोसिएशन फॉर बिजनेस इकोनॉमिक्स (एनएबीई)' का यह सर्वे जनवरी में किया गया। इसमें शामिल प्रतिभागियों ने अपनी कंपनियों में भर्तियों की योजना को औसतन शून्य से नीचे सात अंक प्रदान किए जबकि अक्टूबर में यह आंकड़ा आठ था।

एनएबीई ने कहा कि मुद्रास्फीति को देखते हुए कारोबार अपने कर्मचारियों को उच्च वेतन देना जारी रखेंगे। एनएबीई की अध्यक्ष जूलिया कोरोनाडो ने एक बयान में कहा, जनवरी 2023 के एनएबीई कारोबारी परिस्थिति सर्वेक्षण में इस बात को लेकर व्यापक चिंता देखने को मिली है कि इस साल मंदी शुरू हो सकती है। मुद्रास्फीति से निपटने के लिए केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में आक्रामक तरीके से वृद्धि कर रहा है। उसका प्रयास अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार को कम करना लेकिन इसके साथ ही इसे मंदी में जाने से बचाना भी है। फ़ेडरल रिजर्व इस सप्ताह ब्याज दरें फिर से बढ़ा सकता है।

## अवतार द वे ऑफ वॉटर, एवेंजर्स: एंडगेम को पछाड़कर बनी भारत की सबसे बड़ी हॉलीवुड फिल्म



जेम्स कैमरून की अवतार: द वे ऑफ वॉटर 16 दिसंबर को रिलीज हुई थी। फिल्म शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई थी और कमाई के मामले में यह पहले ही कई हॉलीवुड फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। कयास लगाए जा रहे थे कि फिल्म जल्द ही भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉलीवुड फिल्म बन सकती है और अब फिल्म ने यह कीर्तिमान रच दिया है। फिल्म ने आखिरकार एवेंजर्स: एंडगेम का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

फिल्म की शुरुआती रफ्तार को देखते हुए ही एक्सपर्ट्स कयास लगा रहे थे कि यह भारत में सबसे बड़ी हॉलीवुड फिल्म बन सकती है। अभी तक यह ताज 2019 में आई फिल्म एवेंजर्स: एंडगेम के नाम था। इस फिल्म ने भारत में कुल 367 करोड़ रुपये कमाए थे। अब अवतार: द वे ऑफ वॉटर ने फिल्म को पीछे छोड़ते हुए 368 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। दुनियाभर में फिल्म 2 बिलियन डॉलर (161 अरब रुपये) से ज्यादा कमा चुकी है।

मार्वल की फिल्म एवेंजर्स: एंडगेम 2019 में आई थी। फिल्म का मार्वल फैन्स को काफी समय से इंतजार था। यही वजह थी कि फिल्म की जोरदार एडवांस बुकिंग भी हुई थी। इस फिल्म में आयरनमैन के किरदार के खत्म होने के कारण फिल्म मार्वल प्रशंसकों के बीच चर्चा में थी और इसे खूब दर्शक मिले थे। कई दर्शकों ने फिल्म को बार-बार देखा था। फिल्म ने दुनियाभर में 400 करोड़ डॉलर (32 अरब रुपये) से ज्यादा कमाए थे।

2009 की अवतार को अब तक की सबसे बेहतरीन साइंस-फिक्शन फिल्मों में गिना जाता है। फिल्म में दिखाया था कि 22वीं शताब्दी में मनुष्य एक महत्वपूर्ण खनिज अनओब्टेनियम को पैंडोरा ग्रह पर खोद रहे हैं, जो पैंडोरा की प्रजातियों के लिए ही खतरनाक है। फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी, प्रोडक्शन डिजाइन और विजुअल इफेक्ट्स के लिए तीन ऑस्कर अपने नाम किए थे। सीक्वल रिलीज करने से पहले निर्माताओं ने सितंबर में अवतार को भी सिनेमाघरों में रिलीज किया था।

सीक्वल की कहानी अपनी मूल कहानी से करीब 10 साल आगे है। इस बार जेक और नेतिरी के सामने खतरा ज्यादा है। उनके ऊपर अपने बच्चों को सुरक्षित रखने की भी जिम्मेदारी है।

## साउथ इंडियन बैंक दे रहा है वरिष्ठ नागरिकों को एफडी पर दबाकर ब्याज



**नईदिल्ली।** आपका पास पैसा है और आप सोच रहे है की इस पैसे से ही दोगुना पैसा कैसे कमाया जाए तो आपकों इस पैसे को निवेश करने की जरूरत है। बस आपको अपना पैसा बैंक में फिक्स डिपोजिट के रूप में जमा करना है और उसके बाद आपका पैसा ब्याज के तौर पर आपकों कमा के देगा।

जी हा साउथ इंडियन बैंक इस समय वरिष्ठ नागरिकों के लिए फिक्सड डिपोजिट पर ब्याज की दरों में बढ़ोतरी कर उनके पैसों को बढ़ाने या दोगुना करने का मौका दे रहा है। ऐसे में आप भी वरिष्ठ नागरिक है तो आपकों भी ये मौका नही छोडऩा चाहिए। साउथ इंडियन बैंक अब 1 वर्ष 2 दिन से लेकर 30 महीने से कम की एफडी पर पर 6.50 फसदी की ब्याज दर दे रहा है।

वहीं बैंक अब 30 महीने की डिपॉजिट पर 7.00 फीसदी की दर से ब्याज दे रहा है। 30 महीने से अधिक से लेकर 5 वर्ष से कम तक की मैच्योरिटी वाली डिपॉजिट पर बैंक 6.50 फीसदी की दर से देगा और 5 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की मैच्योरिटी वाले एफडी पर 6 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7.50 फीसदी की दर से ब्याज दे रहा है।

## अंदाज अपना अपना के बाद अब अदा अपनी अपनी लेकर आ रहे राजकुमार




काफी समय से चर्चा है कि अंदाज अपना अपना का सीच्ल बनने जा रहा है, यानी अमर-प्रेम की पर्दे पर वापसी हो रही है। दर्शक भी लंबे समय से इस शानदार फिल्म के सीच्ल की राह देख रहे हैं, लेकिन अब फिल्म के निर्देशक राजकुमार संतोषी ने साफ कर दिया है कि वह इस फिल्म का सीक्वल नहीं, बल्कि इसी से मिलती-जुलती एक फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है अदा अपनी अपनी। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा।

संतोषी ने कहा, मैं रीमेक और सीच्ल बनाने का शौकीन नहीं हूं। अगर मुझे इसमें दिलचस्पी होती तो अब तक मैं फिर घायल, घायल एक बार और व दामिनी फिर चमकेगी जैसी फिल्में दर्शकों के बीच पेश कर चुका होता, लेकिन मैं उस तरह का फिल्मकार नहीं हूं कि जो हो चुका है, उसका जिक्र करता रहूं। उन्होंने कहा, कुछ नया बनाना मुझे उत्साहित करता है। मेरी अगली फिल्म अंदाज अपना अपना का सीच्ल बिल्कुल नहीं है।

संतोषी ने कहा, यह भी एक म्यूजिकल कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें बहुत सारे गाने और डांस होगा। फिल्म का नाम होगा अदा अपनी अपनी, जिसमें अंदाज अपना अपना की तरह युवा कलाकार होंगे, लेकिन इसमें नए जमाने के युवा सितारे शामिल होंगे। उन्होंने कहा, इसकी कहानी फाइनल हो चुकी है। इस साल दिवाली के मौके पर हम फिल्म के दो लीड हीरो और हीरोइनों के नाम की घोषणा करेंगे।

## अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की सेल्फी का ट्रेलर जारी, आमने-सामने दिखे दोनों अभिनेता



अक्षय कुमार ने कुछ दिनों पहले ही अपनी आने वाली फिल्म सेल्फी से अपना पहला लुक शेयर किया था। इस फिल्म में वह और इमरान हाशमी आमने-सामने होंगे। फिल्म की कहानी एक स्टार और उसके फैन पर आधारित है। कुछ समय पहले अक्षय ने फिल्म का मोशन पोस्टर साझा करते हुए यह जानकारी दी थी। इसके बाद से ही प्रशंसकों को फिल्म के ट्रेलर का इंतजार था। रविवार को फिल्म का ट्रेलर भी जारी कर दिया गया है। फिल्म में अक्षय, विजय नाम के फिल्मस्टार के किरदार में हैं। इमरान का किरदार ओम प्रकाश खुद को विजय का सबसे बड़ा फैन मानता है और विजय के साथ सेल्फी लेना उसका सपना है। कहानी में मोड़ आता है और विजय की अकड़ ओम प्रकाश को उसका दुश्मन बना देती है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। सामाजिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। धार्मिक आस्था लाभकारी होगी। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे। आज पूरा दिन उत्साह भरा रहेगा।

***वृष :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे। पर्यटन से जुड़े लोगों को धन लाभ होने का योग है। आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। प्रेमी के साथ रिश्ते मधुर होंगे। खुद को किसी रचनात्मक काम में लगाएंगे।

***मिथुन :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। एकाग्रता से किया गया काम सफल होगा। प्रेमीजन के लिए दिन बढिय़ा है। साथी से कोई उपहार मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को कार्यों में अधिकारियों से मदद मिलेगी।

***कर्क :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। पैसों के मामले में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा ना करें। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। कोई रुका हुआ काम पूरा होगा जिससे आप राहत महसूस करेंगे।

***सिंह :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान निकलेगा जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। आप सबकी नजरों में अच्छे बने रहेंगे। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान करने की योजना बनाएंगे।

***कन्या :*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। कारोबार को बढ़ाने के लिए आपको नए अवसर मिलेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने पर रिश्तों में पॉजिटिविटी आएगी।

***तुला :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपका ध्यान पहले से रुके हुए कार्यों को पूरा करने में लगेगा। ऑफिस में किसी काम को लेकर सहकर्मियों से विचार-विमर्श करेंगे। इस राशि के छात्रों को दोस्तों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आप जो भी काम शुरू करेंगे उसे कम समय पर पूरा कर लेंगे। आपकी कल्पना शक्ति लक्ष्य प्राप्ति में सहायता करेगा। मानवीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया गया कार्य आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

***धनु :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिलेगी। आपके सोचे हुए कार्य पूरे होंगे। किसी समारोह में आपकी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जो आपके लिए बहुत खास साबित होगा।

***मकर :*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। घर पर ही परिवार वालों के साथ डिनर का आनंद लेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी विषय पर लंबी बातचीत होगी। साथ ही किसी कार्य की योजना भी बनाएंगे।

***कुंभ :*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। कारोबारियों को लाभ होगा। छात्रों के लिए दिन बढिय़ा है। करियर में कोई बड़ी सफलता हासिल होगी। किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वो पूरा हो जाएगा।

***मीन :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। मन में किसी बात को लेकर उत्साह बना रहेगा। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं उनकी किस्मत चमक सकती है। किसी कार्य में कुछ लोग आपकी मदद करने में आनाकानी करेंगे।

## मटर का चटपटा अचार



सर्दियों के मौसम मटर काफी खाने को मिलते हैं। अगर आप की मटर की सब्जी खा-खाकर बोर हो चुके हैं, तो मटर का चटपटा अचार ट्राई कर सकते हैं। यह लंच या डिनर में आपके लिए परफेक्ट साबित होगा।

### सामग्री :

- आधा किलो मटर दाने
- एक चम्मच सौंफ
- 3/4 चम्मच अजवाइन
- आधा चम्मच हल्दी
- एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- आधा चम्मच अमचूर
- चार चम्मच अचार मसाला
- 2 चम्मच तेल

### विधि :

सबसे पहले मटर छीलकर उसके दानों को पानी से धोकर अच्छे से पानी अलग कर लें।

अब एक कढ़ाई में तेल डालकर मध्यम आंच पर इसे गर्म होने दें।

तेल गर्म होने पर इसमें सौंफ और अजवाइन डालकर अच्छे से भुन लें।

कुछ देर तक भुनने के बाद इसमें हल्दी पाउडर और मटर डाल दें।

अब थोड़ी देर बाद में लाल मिर्च पाउडर और स्वादानुसार नमक डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

कुछ देर तक सभी मसालों को भुनने के बाद इसमें अचार मसाला डालकर अच्छे से मिलाएं।

अब इसमें अमचूर डालकर बर्तन को ढंककर मटर को नरम होने तक पकाएं।

मटर नरम होने पर गैस बंद कर दें और इसे ठंडा होने पर किसी डिब्बे में भरकर रख दें।

तैयार है मटर स्वादिष्ट चटपटा अचार। इसे लंच या डिनर में खा सकते हैं।


## शब्द सामर्थ्य- 321

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 320 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू-दोकू- 321

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.320 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |